<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1401

01 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्र

1401. श्री सुनील कुमार सिंहः
श्री रोड़मल नागरः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा वर्तमान में देश में स्थापित इस्पात संयंत्रों और अन्य उपक्रमों की राज्य-वार संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकारी निजी क्षेत्र का विचार निकट भविष्य में किसी इस्पात संयंत्र को स्थापित करने का है;

(ग) यदि हां, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या झारखंड में किसी नए इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री द्वारा कोई घोषणा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी प्रगति और रिपोर्ट क्या है; और

(ङ) झारखंड में इस्पात संयंत्र की स्थापना में कितनी प्रगति हुई है और इसे कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): वर्तमान में देश में सरकार और अन्य उद्यमों द्वारा स्थापित इस्पात संयंत्रों की राज्य-वार संख्या और ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

(ख): ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।

(ग): उपरोक्त (ख) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ): जी नहीं। तथापि, झारखंड राज्य में स्टील एसपीवी को प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 28 जून 2015 को इस्पात मंत्रालय, झारखंड सरकार और एनएमडीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया था। राज्य सरकार द्वारा केप्टिव लौह अयस्क खनन पट्टे को अनावंटित करने के कारण इस्पात संयंत्र की स्थापना नहीं की जा सकी।

****

अनुलग्नक

(लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1401 दिनांक 01.07.2019)

निजी क्षेत्र

पूर्वी क्षेत्र	
राज्य	**इकाइयाँ**
असम	9
बिहार	42
झारखंड	139
मेघालय	7
ओडिशा	68
त्रिपुरा	1
पश्चिम बंगाल	46
पूर्वी क्षेत्र कुल	**313**
पश्चिमी क्षेत्र	
छत्तीसगढ़	77
दादर और नगर हवेली	18
दमन और दीव	3
गोवा	14
गुजरात	59
मध्य प्रदेश	10
महाराष्ट्र	64
पश्चिमी क्षेत्र कुल	**245**
उत्तरी क्षेत्र	
दिल्ली	2
हरियाणा	10
हिमाचल प्रदेश	19
जम्मू और कश्मीर	8
पंजाब	119
राजस्थान	39
उत्तर प्रदेश	41
उत्तराखंड	23
उत्तरी क्षेत्र कुल	**261**
दक्षिणी क्षेत्र	
आंध्र प्रदेश	29
कर्नाटक	29
केरल	35
पुडुचेरी	11
तमिलनाडु	101
तेलंगाना	33
दक्षिणी क्षेत्र कुल	**238**
कुल: निजी क्षेत्र	**1057**
कुल: सार्वजनिक क्षेत्र	**9**
सभी क्षेत्र कुल	**1066**
स्रोत: जेपीसी	

सार्वजनिक क्षेत्र

राज्य	इकाइयाँ
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)	
छत्तीसगढ़	भिलाई इस्पात संयंत्र
पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र
	इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर
	अलॉय इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर
ओडिशा	राउरकेला इस्पात संयंत्र
झारखंड	बोकारो इस्पात संयंत्र
तमिलनाडु	सेलम इस्पात संयंत्र
कर्नाटक	विश्वेश्वरैया लोहा एवं इस्पात संयंत्र
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)	
आंध्र प्रदेश	विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र

****